संपादकीय

संक्रमण की जमात

ऐसे वक्त में जब सरकार, सुरक्षाकर्मी और चिकित्साकर्मी हर शख्स को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्राणपन से लगे हैं, दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में तबलीगी जमात का जलसा आत्मघाती साबित होता जा रहा है। जलसे में भाग लेकर देश के विभिन्न भागों में गये लोगों की मौत और संक्रमण की खबरें विचलित करने वाली हैं। तबलीगी जमात की वे दलीलें तर्कहीन हैं कि यह आयोजन जनता कर्फ्यू और लॉकडाउन से पहले का है। सवाल यह कि जब आयोजन से पहले ही दिल्ली में सामूहिक आयोजनों पर प्रतिबंध की सूचना जारी कर दी गई थी तो उस पर अमल क्यों नहीं किया गया? सवाल यह भी कि इसमें शामिल लोगों के संक्रमित होने और मरने की खबरें समय रहते शासन-प्रशासन को क्यों नहीं दी गईं ताकि रोकथाम के प्रयास होते। सरकार द्वारा सामाजिक दूरी व क्वारंटाइन की जो सलाह दी गई थी, उस पर अमल बाद में भी क्यों नहीं किया गया? क्यों हजार से अधिक देसी-विदेशी लोगों की एक जगह रहने की जानकारी केंद्र व राज्य सरकार को नहीं दी गई। कहीं न कहीं इस जलसे की जवाबदेही से दिल्ली सरकार और पुलिस भी नहीं बच सकती। ऐसा नहीं हो सकता है कि देश-विदेश से आए दो हजार से अधिक लोग जुटें और स्थानीय खुफिया तंत्र को जानकारी न हो। निःसंदेह यह तबलीग के कर्ताधर्ताओं की आपराधिक लापरवाही है, जिसके चलते जलसा संक्रमण का वाहक बना। तेलंगाना व कश्मीर में इसमें शामिल लोगों की मौत और असम से लेकर अंडमान तक जलसे में शामिल लोगों का संक्रमित होना सरकार के संक्रमण को रोकने के प्रयासों को पलीता लगाने जैसा है। आयोजकों ने कोरोना कहर की घटनाओं को इरादतन नजरअंदाज किया। एक ओर मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी व उलेमा लॉकडाउन के दौरान नमाज के लिए एकत्र न होने की अपील करते रहे, वहीं इन आयोजकों ने पूरे देश की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। कल्पना कीजिये–जलसे से विभिन्न राज्यों में अपने घर लौट रहे संक्रमित लोगों ने कितने लोगों को वायरस बांटा होगा। वे कितने वाहनों और शहरों से गुजरे होंगे। घर पहुंचकर कितनी जगह गये होंगे और कितने लोगों से मिले होंगे। वह भी तब जबकि अभी तक सारे लोग पुलिस-प्रशासन की जद में नहीं आ सके हैं। वे अभी कहां-कहां और कितना संक्रमण फैला रहे होंगे, सोचकर भी डर लगता है। इसके बावजूद हजार से ज्यादा लोग तबलीग के मुख्यालय में थे, जिन्हें पुलिस प्रशासन ने अस्पतालों और क्वारंटाइन सेंटरों में पहुंचाया। कृत्य के लिए किसी संप्रदाय विशेष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, सोशल मीडिया पर हवा बहने लगी हैं, मगर जहां आस्था तार्किकता व विज्ञान की चुनौतियों को खारिज करने लगे तो ऐसी धारणाएं बनने लगती है। आस्था को हर चीज से ऊपर मान लेना आत्मघाती ही है।

अक्टूबर तक भी कोरोना वायरस पर नियंत्रण हुआ तब भी हो जाएगा आईपीएलः आशीष नेहरा

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा का मानना है कि अगर अक्टूबर तक भी कोविड-19 महामारी को नियंत्रित कर दिया जाता है तो इंडियन प्रीमियर लीग को वर्ष के अंतिम तीन महीनों में भी आयोजित किया जा सकता है।

आईपीएल 2020 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 मार्च से शुरू होना था लेकिन कोरोना वायरस के कारण उसे 15 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया है। कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते हालात अभी सामान्य नहीं दिख रहे हैं ऐसे में इसके आयोजन की संभावना भी नहीं है। नेहरा ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, आईपीएल अगस्त में नहीं हो सकता क्योंकि वह बारिश का मौसम होता है और ऐसे में कई मैचों के रद्द होने की संभावना रहेगी।

अगर अक्टूबर तक विश्व भर में स्थिति नियंत्रण में आ जाएगी तो मुझे पूरा विश्वास है कि आईपीएल होगा। कोरोना वायरस के मामलों और उससे होने वाली मौतों में कोई कमी नहीं आ रही है और ऐसे में इस साल आईपीएल के आयोजन की संभावना भी कम हो गई है। इस घातक वायरस के कारण भारत में लगभग 150 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दुनिया भर में यह संख्या 80 हजार से ऊपर चली गई है। नेहरा ने इसके साथ ही कहा कि युवराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, मैंने जितना युवराज के करियर को देखा है तो मुझे लगता है कि उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में अच्छा प्रदर्शन किया।

हमने देखा कि किस तरह से उन्होंने 2007 और उसके बाद बल्लेबाजी की। हमने 2011 में देखा कि बीमारी के बावजूद उन्होंने धोनी के नेतृत्व में किस तरह का शानदार प्रदर्शन किया। नेहरा ने कहा, मेरा मानना है कि प्रत्येक खिलाड़ी का कोई पसंदीदा कप्तान होता है और मेरे हिसाब से युवराज ने धोनी की अगुवाई में बेहतर प्रदर्शन किया।

3 दिनों तक चढ़ते रहे, आज गिर गए सोने-चांदी के भाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। लगातार तीन दिनों की तेजी के बाद आज सोने-चांदी के बाजार में नरमी दिखाई दे रही है। ग्लोबल प्राइसिंग से संकेत लेते हुए घरेलू बाजार में भी सोने के दाम में गिरावट आ रही है।

कोरोनावायरस के बढ़ते कहर और मंदी के गहराते संकट को देखते हुए निवेशक रिस्की ऐसेट्स से दूरी बना रहे हैं। ऐसे में सोने-चांदी की मांग में कुछ दिनों से रैली दिखाई दे रही थी, जिसपर आज थोड़ा ब्रेक लग गया है। आज बुलियन मार्केट में सुरक्षित निवेश समझे जाने वाले सोने की मांग

बढ़ने के कारण खासा दबाव दिखाई दिया। सुबह 9.30 बजे के आसपास एमसीएक्स पर आज सोने का जून वायदा भाव 0.80 फीसदी या 400 रुपये घटकर 44,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जबकि चांदी वायदा 1.69 फीसदी या 750 रुपये फिसलकर 42,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे टूटा

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 75.85 पर पहुंच गया। इस दौरान देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के कारण लंबे समय तक अनिश्चितता जारी रहने की आशंका से निवेशक चिंतित दिखे। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में तेजी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव देखने को मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 75.83 पर खुला पिछले बंद भाव के मुकाबले 21 पैसे की कमजोरी दर्शाता हुआ 75.85 पर आ गया।

कोरोना वायरस ने खिलाड़ियों को भी आम इंसान जैसा बना दिया: मार्क वुड

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने खिलाड़ियों को भी अपनी यथास्थिति का अहसास करा दिया है। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण पैदा हुई चुनौती में वह भी आम इंसान की तरह असुरक्षित हैं।

कोविड-19 महामारी के कारण अब तक दुनिया भर में 80,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 15 लाख लोग प्रभावित हैं। वुड ने कहा कि वह भी अपने परिवार के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। इस 30 वर्षीय

खिलाड़ी ने बीबीसी में अपने कॉलम में लिखा, ऐसा भी समय होता है, जबकि पेशेवर खिलाड़ी अपनी ही दुनिया में जीते हैं। कोरोना वायरस ने वह बुलबुला फोड़ दिया है।

अपनी फिटनेस, प्रदर्शन और अगले मैच के बारे में सोचने के बजाए हमारी चिंताएं भी आम इंसान जैसी ही हैं। उन्होंने कहा, यह दहशत पैदा करने वाला समय है, जिसने मुझे अपने परिवार और दोस्तों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित कर दिया है। मैं अपने माता पिता और दादा दादी को लेकर चिंतित हूं।

मेरे कुछ दोस्त एनएचएस (राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा) में काम करते हैं और इतने तनाव के बीच वे काम कर रहे हैं। वुड ने कहा, मैं इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलता हूं इसका मतलब यह नहीं है कि अभी देश जिस चुनौती से जूझ रहा है मैं उससे बच जाऊंगा।

सेंसेक्स 1000 अंक चढ़कर 31000 के पार 9000 पर निफ्टी

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को कमजोर शुरुआत के बाद जल्द ही लिवाली जोर पकड़ने से जोरदार तेजी आई।

सेंसेक्स 1000 अंकों से ज्यादा के उछाल के साथ 31000 के ऊपर चला गया और और निफ्टी भी 300 अंकों से ज्यादा की तेजी के साथ 9000 के ऊपर

बना हुआ था।

सुबह 10.34 बजे सेंसेक्स पिछले सत्र से 968.48 अंकों यानी 3.22 फीसदी की तेजी के साथ 31035.69 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी पिछले सत्र से 300.60 अंकों यानी 3.42 फीसदी की तेजी के साथ 9092.80 पर बना हुआ था। कारोबार के आरंभ में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों पर आधारित प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 365.29 अंक टूटकर 29,701.92 पर खुला और 29,602.94 तक गिरा।

बैडमिंटन स्टार साई प्रणीत ने कोरोना की लड़ाई में दिया 4 लाख का योगदान

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से जंग में देश की मदद के लिए खेल से जुड़ी संस्थाएं और खिलाड़ी खुलकर सामने आ रहे हैं। इस क्रम में स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीत ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में चार लाख रुपये का योगदान दिया है। प्रणीत ने बुधवार को ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने तीन लाख रुपये

प्रधानमंत्री राहत कोष में और एक लाख रुपये तेलंगाना मुख्यमंत्री राहत कोष में दान दिया है। प्रणीत ने ट्विटर पर लिखा, 'कोरोना वायरस के खिलाफ इस लड़ाई में अपना योगदान देते हुए मैंने तीन लाख रुपये प्रधानमंत्री राहत कोष में और एक लाख रुपये तेलंगाना मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान दिया है।

सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज नहीं होंगी अंग्रेजी मीडियम और बागी 3

कोरोना वायरस के कारण केवल हॉलिवुड ही नहीं बल्कि बॉलिवुड फिल्मों पर भी बहुत बुरा असर पड़ा है। कोरोना वायरस के फैलने के बाद दुनिया के एक बड़े हिस्से में लॉकडाउन जारी है। बॉलिवुड में भी लॉकडाउन चल रहा है जिसके कारण केवल फिल्मों की शूटिंग ही नहीं टली है बल्कि बहुत सारी फिल्मों की रिलीज भी टाल दी गई है। इस बीच कोरोना का सबसे ज्यादा असर अगर किन्हीं फिल्मों पर पड़ा है तो वह हैं इरफान खान की अंग्रेजी मीडियम और टाइगर श्रॉफ की बागी 3।

फिल्म अंग्रेजी मीडियम का इरफान के फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे थे क्योंकि लंबे समय बाद इरफान बड़े पर्दे पर फिल्म से वापसी कर रहे थे। इसके अलावा टाइगर की बागी 3 का भी फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कोरोना के कारण हुए लॉकडाउन

को देखते हुए ऐसा माना जा रहा था कि इन दोनों ही फिल्मों को दोबारा रिलीज किया जा सकता है। हालांकि अब इन दोनों ही फिल्मों के मेकर्स ने यह साफ कर दिया है कि ये दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होंगी। भले ही ये फिल्में दोबारा रिलीज नहीं हो रही हों लेकिन फैन्स इन दोनों फिल्मों का मजा ऑनलाइन प्लैटफॉर्म्स पर ले सकेंगे। दरअसल अंग्रेजी मीडियम 13 मार्च को रिलीज हुई थी और इसके एक हफ्ते बाद ही सरकार के आदेशों के बाद सिनेमाघरों को कोरोना वायरस के डर से बंद कर दिया गया। इसका सीधा असर फिल्म की कमाई पर पड़ा।

मुस्कुराएगा इंडिया पर अक्षय से लेकर कियारा तक, म्यूज़िक वीडियो ने जगाई नई उम्मीद

कोरोना वायरस के चलते पूरे देश में 21 दिन का लॉकडाउन चल रहा है। इस दौरान सभी अपने घरों में रहने के लिए मजबूर हैं और लोगों की जिंदगी रुक सी गई है। सभी भारतवासी मजबूत इच्छाशक्ति लिए एकजुट होकर खड़े हैं। देश के वर्तमान माहौल ने लोगों के मन में एक भय जरूर पैदा किया है और इसी भय को दूर

करने के लिए मुस्कुराएगा इंडिया नाम का एक म्यूजिक वीडियो रिलीज किया गया है। मुस्कुराएगा इंडिया म्यूजिक वीडियो के माध्यम से पॉजिटिविटी लाने के लिए फिल्म सिलेब्स एक साथ आए हैं। अक्षय कुमार ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, मुस्कुराएगा इंडिया हम सभी को एक साथ खड़े होने आवश्यकता है। और फिर मुस्कुराएगा इंडिया!

आज का राशिफल

मेषः मेष राशि के जातकों का प्रफेशन हाउस इस समय सक्रिय है। वह अपनी संपूर्ण शक्ति अपने कार्यक्षेत्र में लगा रहे हैं।

वृषभः वृष राशि के जातकों के लिए यह समय कुछ नया सीखने का है।

मिथुनः मिथुन राशि के जातकों का शौर्य व पराक्रम कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला है। धन की प्राप्ति आसानी से होती रहेगी।

कर्कः कर्क राशि के जातकों के लिए यह समय कभी खुशी कभी तनाव देने वाला है।

सिंहः सिंह राशि के जातक आमतौर पर किसी के अंडर में काम करना पसंद नहीं करते।

कन्याः कन्या राशि के लोगों का मानसिक व आत्मिक बल कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाला है।

तुलाः तुला राशि के जातक इस समय में एक साथ कई कामों से जुड़ रहे हैं प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है।

वृश्चिकः वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह अच्छा समय है। पराक्रम में वृद्धि होगी।

धनुः धनु राशि के जातकों के लिए यह समय कार्यक्षेत्र में नई प्लानिंग का है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धन प्राप्ति में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

मकरः काम से प्रेम करने वाले मकर राशि के जातकों के लिए यह समय व्यस्तता को बढ़ा रहा है। दृढ़ इच्छाशक्ति कार्यक्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ रही है। धन प्राप्ति के लिए उत्तम समय है।

कुंभः कुंभ राशि के लोगों की ओज पूर्ण वाणी कार्यक्षेत्र में मदद करेगी। विपरीत परिस्थितियां भी आपके लिए सहायक बनेंगी। निवेश का भी समय है। जीवनसाथी से वाद-विवाद से बचें।

मीनः आत्मविश्वास से भरे हुए मीन जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में प्रतिभा प्रदर्शन का शुभ अवसर मिलेगा। मेहनत रंग लाएगी।

शाम के नाश्ते में भूनी और हल्की उबली सेवइयां उपमा' सामग्री

सामग्री :-

दो कप भूनी और हल्की उबली सेवइयां, आधा कप मटर, एक चौथाई कप फ्रेंच बींस उबली हुई, एक बड़ा आलू उबला व लंबा कटा हुआ, एक एक चम्मच बारीक कटा लहसुन व अदरक, दो चम्मच हरा प्याज कटा हुआ, स्वादानुसार नमक, एक छोटा चम्मच विनेगर, दो-दो छोटे चम्मच सोया सॉस और चिली सॉस, 2-3 बूंद खाने वाला हरा रंग, एक बड़ा चम्मच रिफाइंड ऑयल, दो चम्मच सजाने के लिए हरी धनिया।

विधि :-

एक कड़ाही में तेल गरम करें। कटे हुए आलू डालकर तलें। अलग रखें। बचे हुए तेल में लहसुन डालकर भूनें। प्याज व अदरक डालें। अब सेवइयां, फ्रेंच बींस, मटर व तले आलू डालकर चलाएं। बची हुई सारी सामग्री डालकर चार-पांच मिनट चलाते हुए अच्छी तरह फाई करें। हरी धनिया से सजाकर गरमागरम सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 86

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 85 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

सू-दोकू- 86

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.85 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3